# नृत्य गीत प्रस्तुति से चाइनीज़ मांझे एवं बाल विवाह के बहिष्कार का दिया संदेश




जैन पब्लिक स्कूल ने बीकानेर नगर स्थापना दिवस और अक्षय तृतीया पर विशेष प्रार्थना सभा में नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य गीत प्रस्तुति से चाइनीज़ मांझे एवं बाल विवाह बहिष्कार का संदेश दिया।

**बीकानेर,** (कासं)। श्री जैन पब्लिक स्कूल बीकानेर ने बीकानेर नगर स्थापना दिवस और अक्षय तृतीया पर विशेष प्रार्थना सभा में नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य गीत प्रस्तुति से चाइनीज़ मांझे एवं बाल विवाह का बहिष्कार करने का संदेश दिया।

एसजेपीएस डांसर की खोज के लिए 3 चरणों में कक्षा एक से नौ के करीब 1800 विद्यार्थियों में से अंतिम दिन में चयनित बीस प्रतिभागियों के नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या रूपश्री सिपानी, निर्णायक एवं मुख्य अतिथि जाने-माने कोरियोग्राफर उत्तम सिंह शेखावत ने दीप प्रज्ज्वलन, नमस्कार महामंत्र एवं सरस्वती वंदना के साथ इसकी शुरूआत की। प्रतिभागियों ने क्लासिकल, सेमीक्लासिकल,हिप पॉप, फ्यूजन, जाज, रेट्रो, फोक एवं कंटेंपरेरी थीम पर आधारित गानों को आकर्षक वेशभूषा में बड़े ही मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया।

समाज को बालिका शिक्षा, देशप्रेम, (पहलगाम अटैक) एवं वृद्ध माता-पिता के प्रति संवेदनशीलता जैसे मुद्दों को उजागर कर जन-चेतना का संदेश देने पर अतिथि दिनेश गुप्ता (जाने-माने अंतर्राष्ट्रीय फोटो जर्नलिस्ट ) ने प्रतिभागियों की उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने प्रतिभागियों की नृत्य शैली एवं उत्साह से भरे उनके मोहक अंदाज को देखकर 'डांस इज़ अ शॉर्टकट ऑफ हैप्पीनेस' बताया। निर्णायक ने एबीसीडी (एनी बॉडी कैन डांस) जैसे शब्दों से उत्साहवर्धन कर सभी को नृत्य सीखने हेतु प्रेरित किया। विजेता प्रतिभागियों में सब जूनियर वर्ग में कनिष्क अग्रवाल, रूद्राक्षी चुग, ध्रुव बांठिया एवं जूनियर वर्ग में नायशा बांठिया, सिद्धि कोचर तथा अद्विका व्यास क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

शाला की ओर से विजेताओं को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं शेष प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। शालाध्यक्ष विजय कुमार कोचर, सचिव सीए माणक कोचर एवं सीईओ सीमा जैन ने सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की रूचिकर भागीदारी की सराहना करते हुए शारीरिक स्फूर्ति एवं मानसिक एकाग्रता को बनाए रखकर प्रतिस्पर्धा में अव्वल स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

शाला परिवार की ओर से निर्णायक को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका विशेष आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संगीत एवं नृत्य शिक्षकगण हनी माथुर, नूतन शर्मा, अनुज नागपाल एवं सह-शैक्षणिक प्रभारी गुंजन शर्मा ने किया।

**चाईनीज मांझे के खिलाफ संदेश लिखी पतंगे वितरित :** करूणा इंटरनेशनल बीकानेर की ओर से चाइनीज मांझे के खिलाफ चल रहे एक विशेष अभियान के तहत आज भी बीकानेर शहर की विभिन्न शालाओं में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ चाइनीज मांझे के बहिष्कार के संदेश लिखी पतंगों का वितरण किया।

आज पहला कार्यक्रम नालन्दा पब्लिक सी. सै. स्कूल के प्रांगण में करूणा इंटरनेशनल के संरक्षक जतनलाल दुगड़ के सानिध्य में हुआ। उन्होंने चाइनीज मांझे के खिलाफ संदेश लिखी रंग-बिरंगी पतंगे बांटकर बच्चों को और उपस्थित अभिभावकों को चाइनीज मांझे को न अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर बोलते हुए

> ■ शाला की ओर से विजेताओं को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं शेष प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए

उन्होंने करूणा इंटरनेशनल के विभिन्न उद्देश्यों करूणा, दया, सत्य, अहिंसा आदि का भी जिक्र किया। शाला प्राचार्य राजेश रंगा ने बताया कि आज वितरित पतंगों पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं राजस्थानी भाषा में चाइनीज मांझे के खिलाफ संदेश लिखे थे। इस दौरान हरिनारायण आचार्य, दिनेश व्यास, सुनील व्यास, महावीर प्रसाद स्वामी, वंदना व्यास, रेखा वैष्णव, इंदु बाला, आशीष रंगा, अलका रंगा, सौरभ बजाज, रमेश मोदी, हनुमान छिंपा आदि ने भी अपने विचार रखे। गंगाशहर स्थित अरूणोदय विद्या मन्दिर उ.मा. विद्यालय में भी बच्चों को चाइनीज मांझे के खिलाफ संदेश लिखी पतंगें वितरित की गई। इस अवसर पर करूणा इंटरनेशनल बीकानेर के सचिव राजेश रंगा, शिक्षा अधिकारी घनश्याम साध, शाला प्रबंधक रामचन्द्र आचार्य एवं अभिषेक आचार्य आदि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजेश रंगा ने बच्चों से चाइनीज मांझे के खिलाफ विभिन्न नारों के माध्यम से अपनी बात रखी। सनराइज स्कूल के सभागार में भी चाइनीज मांझे के खिलाफ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## साथियों के साथ ससुराल जाकर पत्नी को पीटा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। यहां पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नरेन्द्र नाम का व्यक्ति अपने साथियों के साथ लाठी, पिस्तौल और लोहे की रॉड लेकर ससुराल पहुंचा। उसने पत्नी रेणु बाला को जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की।

घटना आदर्श नगर में हुई। नरेन्द्र अपने साथियों रघुवीर, कालूराम, करण, कुलदीप और अन्य लोगों के साथ एम्बुलेंस और बुलेट पर आया। आरोपियों ने घर का दरवाजा जबरदस्ती खोला और कमरे में घुस गए। रेणु बाला की शादी 2007 में नरेन्द्र से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं। नरेन्द्र पहले भी कई बार पत्नी के साथ मारपीट कर चुका है। एक महीने पहले भी मारपीट की घटना के बाद रेणु अपने बेटे आशीष के साथ पीहर में रह रही थी।

घटना के दौरान नरेन्द्र ने सबसे पहले ससुर प्रेमचंद के कंधे पर लाठी से वार किया। फिर सभी ने मिलकर उनके पैरों और हाथों पर लाठियों और लोहे की रॉड से प्रहार किए। कुलदीप और रघुवीर आशीष को जबरदस्ती ले जाने का प्रयास करने लगे।

मौके पर प्रेमचंद के पिता ताराचंद, भूराराम और सतपाल ने पहुंचकर विरोध किया। पुलिस को सूचना दी गई। शेरगढ़ चौकी से पहुंची पुलिस हमलावरों को अपने साथ ले गई। प्रेमचंद ने टाउन थाने में दामाद समेत पांच नामजद और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने परिवादी के दामाद सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शेरगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई अमीचन्द को सौंपी गई है।

## सार-समाचार

### कैनवास पर चित्र बना श्रद्धांजलि दी




बीकानेर के कलाकारों ने कश्मीर नरसंहार से व्यथित होकर कैनवास पर चित्र बनाकर श्रद्धांजलि दी।

**बीकानेर,** (कासं)। कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों के नरसंहार से व्यथित होकर बीकानेर के कलाकारों ने व्यथित होकर रूआंसे मन से कैनवास पर अपनी भावनाओं को उकेर कर-26 हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना करते हुए असहनीय दुःख की घड़ी में परिवारजनों को संबल देकर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। वरिष्ठ कलाकार भूरमल सोनी, मुकेश जनागल,राम भादानी, नवदीप बीकानेरी,धर्मा, मोना सरदार डूडी, कमलकिशोर जोशी, कनक कंचन, महावीर, लक्ष्मण सहदेव आदि कलाकारों नेकहा कि कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों को आतंकवादियों ने घिघोना नरसंहार किया। भारतवासी इस घटना को लेकर व्यथित हैं। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस संदर्भ में प्रधानमंत्री से मांग की गई की आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। भारत की एकता अखंडता को कायम रख कौमी एकता एवं सद्भावना से भारत के सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

### पक्षियों के लिए लगाये परिंडे



वेटरनरी विश्वविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाये।

**बीकानेर,** (कासं)। हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बीकानेर के द्वारा वेटरनरी विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम परिसर बीकानेर में पक्षियों के लिये परिंडे कृष्ण कुणाल (आईएएस) शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग, एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान सरकार एवं राज्य मुख्य आयुक्त, हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड राजस्थान राज्य ने स्काउट गाइड के साथ परिंडे लगाए। कृष्ण कुणाल (आईएएस) ने कहा की परिंडे के साथ- साथ प्रतिदिन पक्षियों के लिए पानी की भी समुचित व्यवस्था करना आवश्यक है। स्काउट गाइड के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की बेजुबान परिंदों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) संदीप मांझू ने बताया की स्काउट गाइड के द्वारा हमेशा पक्षियों लिए परिंडे व दाना पानी की सेवा के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त साहिल यादव, जिला ट्रेनर मनोहर लाल, जश्नप्रीत कौर, राजकुमार, रोवर सुशील, राकेश रेंजर अंजली उपाध्याय, करूणा, अंकिता, कोमल, संध्या, मोहिता, प्रीति, अनुष्का,वसुन्धरा आदि ने परिंडे लगाए।

### सीवरेज के बाद नहीं बनी सड़क

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन में शहीद भगतसिंह चौक से संगरिया मार्ग तक सीवरेज लाइन का काम पूरा हो चुका है। सड़क खोदकर सीवरेज लाइन डालने के बाद सिर्फ मिट्टी भर दी गई है। इससे स्थानीय व्यापारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की आवाजाही से पूरे दिन धूल उड़ती रहती है। इससे दुकानदारों और राहगीरों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। उबड़-खाबड़ सड़क से वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर सोमवार को संगरिया रोड के व्यापारी जिला कलेक्टर कानाराम से मिले। बैग हाउस संचालक विजय मित्तल ने बताया कि सीवरेज लाइन का काम काफी लंबे समय तक चला। गड्ढों में सिर्फ मिट्टी भरी गई है। धूल की वजह से दुकान में बैठना मुश्किल हो गया है। इससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने तोड़ी गई सीसी सड़क की जगह नई सड़क के निर्माण की मांग की। जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि 7 दिन के भीतर सीसी रोड का निर्माण शुरू कर दिया जायेगा।

### अवैध शराब बेचने वालों को दबोचा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सदर थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से तीन व्यक्तियों को अवैध शराब बेचने और बिना लाइसेंस परोसने के आरोप में पकड़ा। हैड कांस्टेबल झाबरमल ने हाकम मारूति गैरेज के पास एक व्यक्ति की तलाशी के दौरान 48 पव्वे देसी शराब और 660 रूपए बिक्री राशि बरामद की। आरोपी की पहचान विशाल निवासी जगदंबा कॉलोनी के तौर पर हुई। जांच एसआई जीतराम को सौंपी गई। वहीं कांस्टेबल निहालचंद ने गश्त के दौरान गुलाब निवासी 9 जैड को 38 पव्वे देसी शराब सहित पकड़ा। मामले की जांच एसआई हंसराज कर रहे हैं। तीसरी कार्रवाई के तहत हैड कांस्टेबल सतवीर सिंह ने राजवीर निवासी अंबिका एन्कलेव पुरानी आबादी को होटल स्वाद सरोवर को अवैध रूप से शराब परोसते हुए पकड़ा।

### नाटक में पांखड पर प्रहार

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर स्थापना दिवस के अवसर पर म्हारो बीकाणो कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज टाउन हाल में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पुष्पेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर विख्यात कथक गुरु वीणा जोशी, माइकल पंडित के निर्देशन में कलाकारों द्वारा राजस्थानी नृत्य, कथक की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ मिमक्री आर्टिस्ट के.के. रंगा ने भी अपनी हास्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समन्वयक राजीव सिंह यदुवंशी ने बताया कि कला एवं संस्कृति पर केंद्रित इस कार्यक्रम में पहली बार रियाजुद्दीन अंसारी के निर्देशन में संगीतमय मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दी गई जिसमें बीस से भी अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अंधविश्वासों तथा पाखंड पर कटाक्ष करने वाले नाटक बाबा शेख चिल्ली फेसबुक वाले का मंचन उत्तम सिंह के निर्देशन में किया गया।

# नोखा में पेयजल संकट, दोगुनी कीमत में टैंकर मंगाने को मजबूर

> ■ पहले जहां एक टैंकर 250-300 रूपए में मिलता था, वहीं अब इसकी कीमत 500-600 रूपए हो गई है

**नोखा,** (कासं)। राजस्थान के नोखा कस्बे में पेयजल संकट गहरा गया है। जलदाय विभाग की पानी सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। इस कारण लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

हाल ही में निजी ट्यूबवैल मालिकों ने पानी टैंकर की कीमतें दोगुनी कर दी हैं। पहले जहां एक टैंकर 250-300 रूपए में मिलता था। वहीं अब इसकी कीमत 500-600 रूपए हो गई है। इस मुद्दे को लेकर सर्व समाज संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया। समिति ने एसडीएम के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह मामला नगर पालिका के एक नोटिस से जुड़ा है। कुछ दिन पहले नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी ने एसडीएम के मौखिक आदेश पर निजी ट्यूबवैल मालिकों को नोटिस जारी किए थे। मगर तीन दिन बाद ही प्रशासन ने इन नोटिस को स्थगित कर दिया। इसके बाद ट्यूबवैल मालिकों ने टैंकर की कीमतें बढ़ा दी। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि अधिकतर निजी ट्यूबवैल सरकारी मानकों को पूरा नहीं करते। न तो ड्राइवरों के पास लाइसेंस है और न ही वाहनों का बीमा या फिटनेस सर्टिफिकेट है। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

गर्मी के मौसम में जहां सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त पेयजल टैंकर उपलब्ध कराती है। वहीं नोखा में लोगों को महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है। कंटीजेंसी प्लान में आवंटित बजट का भी पेयजल के लिए कोई उपयोग नहीं हो रहा है। इस भीषण गर्मी के मौसम में निजी पेयजल ट्यूबवैल संचालकों द्वारा बढोतरी की गई दरें जल्द से जल्द कम व वाजिब दर निर्धारित किए जाने हेतु पाबंद किया जाए। सभी निजी पेयजल टैंकरों के ड्राईवरों के ड्राइविंग लाईसेंस सहित संबंधित समस्त कागजातों की पूर्ण जांच करवाई जाए और निजी ट्यूबवैल के लिए निर्धारित सभी मापदण्डों की पालना करवाई जाए। नोखा कस्बे के प्रत्येक गरीब परिवार के लिए निशुल्क पेजयल पानी टैंकर की समुचित व्यवस्था करवाई जाए। जलदाय विभाग में लम्बे समय से हो रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। सालों से जमे बैठे ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किया जाए और नोखा में नियमित पेयजल सप्लाई हेतु कार्मिकों की लॉगबुक का निरीक्षण किया जाए।

## डेढ़ करोड़ से बनी पुलिया धंसी

**बीकानेर,** (कासं)। पटेल नगर की मुख्य सड़क पर लगभग डेढ़ करोड़ रूपए खर्च कर बनाई गई पुलिया महज कुछ महीनों में दम तोड़ने लगी है।

पुलिया का एक बड़ा हिस्सा आधे फीट तक नीचे धंस चुका है और दीवारों में गंभीर दरारें आ चुकी हैं। यह पुलिया कभी भी दुर्घटना का सबब बन सकती है लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो विकास प्राधिकरण ने कोई कार्रवाई की और न ही जिला प्रशासन ने अब तक कोई चेतावनी चिन्ह या बैरिकेड्स लगाये हैं।

स्थानीय पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने जब पुलिया की दुर्दशा को लेकर न्यास अधिकारियों से कई बार शिकायत की, तब भी जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली। यह साफ संकेत करता है कि निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार और अधिकारियों के बीच मिलीभगत रही और निर्माण सामग्री में खुला भ्रष्टाचार किया गया। यह खुला भ्रष्टाचार और जनता की जान के साथ खिलवाड़ है।

# पहलगाम हमले के बाद गंगानगर में हाई अलर्ट

> ■ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व सीएलजी सदस्यों की श्रीविजयनगर एसडीएम ने ली बैठक

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद श्रीगंगानगर में जिलेभर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। श्रीविजयनगर एसडीएम शकुंतला चौधरी ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और सीएलजी सदस्यों, कार्मिकों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

बैठक में उपखंड क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीएम शकुंतला चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में हर हाल में कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी और एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ नियमित निगरानी करें। उन्होंने ब्लॉक के सभी कार्मिकों और अधिकारियों से कानून एवं शांति व्यवस्था से जुड़े फीडबैक भी लिए। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पहलगाम की आतंकी घटना को लेकर स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार का साम्प्रदायिक तनाव नहीं उत्पन्न होना चाहिए। इस उद्देश्य से सभी अधिकारियों को अत्यंत संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस थानों में नियमित रूप से सीएलजी और शांति समितियों की बैठकें आयोजित की जाएं।

बैठक से संदिग्ध व्यक्तियों, संवेदनशील स्थानों और भ्रामक तथा साम्प्रदायिक तनाव फैलाने वाले तत्वों की पहचान कर उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मई में चलेगा रास्ता खोलो अभियान

> ■ धारा 251 ए के तहत रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाने का काम होगा

**बीकानेर,** (कासं)। रास्ता संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के लिए मई माह में 'रास्ता खोलो अभियान' चलाया जायेगा।

इस दौरान राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 251 के तहत रास्ता खुलवाने, धारा 251 ए के तहत रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना, मुख्य ग्राम, बाडिया, ढाणियां और मजरा को जोड़ने वाले रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन, कदीमी रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन, राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्ते जो मौके पर बंद हैं उन्हें खुलवाने, मनरेगा द्वारा निर्मित रास्तों के राजस्व रिकॉर्ड में अंकन सहित कृषि भूमियों पर आवागमन के लिए सार्वजनिक रास्तों के राजस्व रिकॉर्ड में अंकन जैसे कार्य इस दौरान किए जायेंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन अभियान के नोडल अधिकारी तथा प्रभारी अधिकारी (भू-अभिलेख) सहायक नोडल होंगे। रास्ता खोलो अभियान के पर्यवेक्षण के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी होंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई में परिवाद प्राप्त होते हैं।

## जूनागढ़ की अनदेखी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर का गौरव जूनागढ़ किला जो शहर की शान और प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। आज प्रशासनिक अनदेखी और पर्यटन विभाग की उदासीनता का शिकार हो रहा है।

रात के समय किले की भव्यता को निहारने के लिए हजारों वाहन चालक और पर्यटक यहां से गुजरते हैं लेकिन किले के आगे लगी हाई मास्ट लाइट्स महीनों से बंद है। अब यह भव्य इमारत अंधेरे में डूबी रहती है। हैरानी की बात यह है कि पर्यटन विभाग, जिसका मुख्य दायित्व शहर के ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण और प्रचार-प्रसार करना है। साल भर में सिर्फ ऊंट उत्सव जैसे एक-दो आयोजनों तक ही अपनी भूमिका निभाता नजर आता है। पर्यटन गतिविधियों को लेकर विभाग में एक अजीब सी चुप्पी छा जाती है।

# अक्षय तृतीया को तेरापंथ भवन में होंगे वर्षीतप के पारणे

> ■ 13 माह व्रत करने के बाद वर्षीतप का पारणा आखातीज के दिन होता है

**बीकानेर,** (कासं)। जैन धर्म की दृष्टि में वर्षी तप आध्यात्मिक अनुष्ठान है। इसमें साधक का मूल लक्ष्य चित्त शुद्धि है। जबकि वर्ष भर चलने वाले इस तप से लोगों को निरोगी काया भी मिलती है। ये उद्गार पत्रकारों से वार्ता के दौरान आचार्य महाश्रमण के अज्ञानुवर्ति मुनि कमल कुमार ने कही।

उन्होंने कहा वर्षीतप वर्ष भर चलने वाला पूर्ण वैज्ञानिक अनुष्ठान है। तभी ढाई हजार वर्ष से यह निरंतर साधकों के अभ्यास, अनुभव व प्रयोग में है। जीवन में आरोग्यता व सरलता आदि इसके भौतिक लाभ भी हैं। उन्होंने बताया कि जैन समाज जनों द्वारा पूरे 13 माह तक एक दिन छोड़कर एक दिन उपवास किया जाता है। इस तपस्या को वर्षीतप कहा जाता है। इसमें एक दिन बिल्कुल कुछ नहीं खाया जाता है। वहीं एक दिन केवल दो समय सुबह सूर्योदय के बाद और शाम को सूर्यास्त के पहले खाते हैं। इस प्रकार पूरे 13 माह व्रत करने के बाद वर्षीतप का पारणा आखातीज के दिन होता है। जिसमें गन्ने के रस से तपस्या करने वाले को पारणा करवाया जाता है।

इस बार भी तेरापंथ भवन में यह आयोजन 30 अप्रैल को होगा। जिसमें 21 जने पारणा करेंगे। वर्षीतप में साधक एक दिन भोजन करते हैं और एक दिन उपवास करते हैं, तथा कई अन्य नियमों का पालन करते हैं। भोजन भी बहुत सीमित मात्रा में और संकल्प पूर्वक लिया जाता है।

तपस्या के साथ-साथ साधक ध्यान, स्वाध्याय (धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन) और प्रार्थना करते हैं। वर्षी तप के अंत में अखंड शांति और आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। आचार्य तुलसी से दीक्षा लेने वाले गंगाशहर के जन्मे मुनि कमल कुमार ने बताया कि वे पिछले 46 वर्षों से लगातार वर्षीतप कर रहे है। इसके अलावा मुनिश्री विमल विहारी की प्रथम,मुनि श्रेयांस कुमार की 9 वां वर्षीतप है।

# जल संरक्षण को लेकर प्रेरणादायी संदेशयुक्त पतंगों का वितरण




'जल संरक्षण कैसे हो' स्लोगन लिखी संदेशयुक्त पतंगों का अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पुरोहित, अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया, अधिशाषी अभियंता बलवीर सिंह ने विमोचन किया।

**बीकानेर,**(कासं)। जलदाय विभाग द्वारा सोमवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय में 'जल का सरक्षण कैसे हो' स्लोगन लिखी पतंगों का अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पुरोहित, अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया, अधिशाषी अभियंता बलवीर सिंह, प्रीतम मोदी, दारा सिंह, नितेश सागर, धर्मेन्द्र कुमावत, बीकानेर सेवा योजना के अध्यक्ष राजकुमार व्यास, अतिरिक्त प्रभारी नियंत्रण कक्ष योगेश बिस्सा एवं सहायक अभियंता व समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने जल की उपयोगिता का जिक्र करते हुए जल संरक्षण पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने की अपील की। इसी तरह अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि संदेशयुक्त पतंगों को ज्यादा से ज्यादा जनता में वितरित करते हुए उन्हें जल संरक्षण के लिये प्रेरित भी करें। बीकानेर सेवा योजना के अध्यक्ष राजकुमार व्यास ने कहा कि बीकानेर स्थापना दिवस के मौके पर जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा जल संरक्षण हेतु जनता को प्रेरित करने के लिये पतंगों के माध्यम से जल संरक्षण के स्लोगन एक अच्छा कदम है और निश्चित रूप से इसका जनता में एक अच्छा संदेश जायेगा।

> ■ अलग अलग क्षेत्रों से आए पतंग प्रेमियों में वितरित की गई पतंगें

**संदेशयुक्त पतंगों का वितरण :** बीकानेर सेवा योजना की ओर से संदेशयुक्त पतंगों का विमोचन और वितरण किया गया। अध्यक्ष राजकुमार व्यास ने बताया कि संस्था द्वारा लगातार 11 साल से प्रेरणादायक संदेशयुक्त पतंगें बीकानेर स्थापना दिवस से पूर्व अमावस्या पर वितरित की जाती है। पतंगों का विमोचन रमेश व्यास, प्रेमकुमार व्यास और राजेंद्र किराडू ने किया। इस अवसर पर बीकानेर के अलग अलग क्षेत्रों से आए पतंग प्रेमियों में वितरित की गई।

## ए माइनर की छत तोड़कर सफाई कराई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जल संसाधन विभाग की ओर से इन दिनों ए माइनर की कवर छत जगह- जगह से तोड़कर सफाई करवाई जा रही है।

सफाई का काम पूरा होने के बाद फिर से आरसीसी लेंटर लगाकर माइनर को कवर किया जायेगा। साथ ही बीच बीच में चैंबर छोड़कर फेरोकवर लगाए जायेंगे ताकि आगामी वर्षों में सफाई के लिए फिर से छत को नहीं तोड़ना पड़े। तीन पुली से लेकर कोडा चौक तक माइनर की छत को हटाकर सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।

अब कोडा चौक से पदमपुर रोड की तरफ भी सफाई का कार्य जरूरत के हिसाब से जगह जगह से छत हटाकर करवाया जा रहा है। करीब 10 वर्ष के बाद इस माइनर की सफाई किसानों की मांग पर विभाग की ओर से करवाई जा रही है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्दी ही माइनर की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/3926 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28-04-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूपिन्दर सिंह पुत्र श्री गुरतेज सिंह, निवासी वार्ड नं. 6, बुधरवाली, 34 केएसडी, तहसील सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 32, किला नं. 05 भूखण्ड संख्या एन-12 माप 25 इन्टू 45 फीट रिद्धि सिद्धि एन्कलेव-3, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 14257 दिनांक 29.03.2022 को श्री आशीष छाबड़ा पुत्र श्री निर्मल कुमार छाबड़ा एवं श्रीमती नीतू यादव पत्नी श्री आशीष छाबड़ा के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री रूपिन्द्र सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.10.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री रूपिन्दर सिंह पुत्र श्री गुरतेज सिंह निवासी वार्ड नं. 6, बुधरवाली, 34 केएसडी, तहसील सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/23 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3782 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 20.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम अरोड़ा पुत्री श्री फतेहचन्द अरोड़ा निवासी पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 जैड मुरब्बा नं. 32 किला नं. 10 भू.सं. 207 कॉर्नर माप 25 इंटू 49 फीट भरतनगर श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 03 दिनांक 25.5.1984 को श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री अशोक कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती पूनम अरोड़ा द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 9.2.2009 के द्वारा क्रय कर कर उक्त नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती पूनम अरोड़ा पुत्री श्री फतेहचन्द अरोड़ा निवासी पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/631 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर